'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
वर्ष 01, अंक 177 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए वीरवार, 12 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

दस साल रहे बड़खल के विकास को समर्पित: सीमा त्रिखा





## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

### हरियाणा की 14वीं विधानसभा को भंग करने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**महामहिम राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा की 14वीं विधानसभा को भंग करने की सिफारिश के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। अब इस प्रस्ताव को हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 174(2)(बी) में राज्यपाल को विधानसभा को भंग करने की शक्ति निहित है।

## हुड्डा को सिर्फ अपनी और अपने परिवार की चिंता, 8 तारीख को जनता करेगी कांग्रेस का सूपड़ा साफ: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** कलानौर में बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा की प्रत्याशी रेनू डाबला के नामांकन में शामिल हुए। इससे पहले नामांकन रैली करके नायब सैनी ने भूपेंद्र हुड्डा को उन्हीं के घर में घेरा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा को सिर्फ अपनी और अपने परिवार की चिंता है। जब हुड्डा का राज था तो जनता को वो सुविधाएं नहीं मिली जो मिलनी चाहिए थी, वे सुविधाएं एक क्षेत्र में सिमट कर रह गई। हुड्डा और पूरी कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, अब हुड्डा हिसाब मांग रहे हैं। लेकिन हुड्डा का हिसाब जनता 8 तारीख को कर देगी।

कांग्रेस के शासन में जिस तरह दलितों पर गोलियां चलाई गई, किसानों की जमीन हड़प कर वाड्रा को खुश किया गया, युवाओं को नौकरी से बेदखल रखा, ऐसे तमाम कारनामें अब हुड्डा को याद आ रहे हैं। हालत ये है कि भूपेंद्र हुड्डा को नींद नहीं आ रही, नींद आ भी जाती है तो सपने में गठबंधन दिखता है, सुबह आंख खुलती है तो गठबंधन गायब मिलता है। हरियाणा में कांग्रेस और आप के गठबंधन की बात चल रही है। ये दोनों ही दल भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं। जो केजरीवाल हुड्डा को दलाल बोलते थे, प्रॉपर्टी डीलर बोलते थे आज उन्हीं के साथ गठबंधन करने की बात कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज कलानौर की धरती से हुड्डा को चैलेंज करता हूं कि चाहे एक पार्टी से गठबंधन कर लो या ज्यादा से, किसी से भी गठबंधन कर लो, 8 तारीख को सूपड़ा साफ होना तय है। नायब सैनी ने कहा कि सीएम के दरवाजे आप लोगों के लिए खुले हैं। सैनी ने अपील करते हुए कहा कि एक-एक घर में जाकर कमल खिलाने का काम करें। इस महीने रुकना नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज कलानौर में उमड़े जनसमूह को देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि कलानौर से कमल का फूल खिलकर आप चंडीगढ़ भेजोगे। यह तय हो गया है को हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन रही है। नामांकन रैली में मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, मेयर मनमोहन गोयल, राजकमल उर्फ राजू सहगल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, अमरजीत सौलंकी, अजय खुंडिया, सुमिता भाटिया, दिनेश करौंथा, सुरेश सैनी, गुलशन दुआ, देवेंद्र चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भव्य और ऐतिहासिक होगी पीएम मोदी की कुरूक्षेत्र रैली : डा. अर्चना गुप्ता



**14 सितंबर को कुरूक्षेत्र में होने वाली पीएम मोदी की रैली में 6 जिलों के 23 प्रत्याशी होंगे शामिल**

**पीएम मोदी की रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली समेत तमाम बड़े लीडर रहेंगे मौजूद**

**डा. अर्चना गुप्ता ने राहुल गांधी पर साधा निशाना - कहा, विदेशों में जाकर देश का अपमान करना राहुल गांधी की आदत**

**आरक्षण का विरोध करना राहुल गांधी को विरासत में मिला है, जब तक भाजपा है आरक्षण को कोई छू नहीं सकता : डा. अर्चना गुप्ता**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र की पावन भूमि से 14 सितंबर को चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस रैली में 6 जिलों के 23 प्रत्याशी भाग लेंगे। रैली को लेकर बुधवार को डा. अर्चना गुप्ता ने कुरूक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पीएम मोदी की रैली की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की रैली भव्य और ऐतिहासिक होगी। मोदी की रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के अलावा पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

थीम पार्क कुरूक्षेत्र में होने वाली मोदी की रैली को लेकर डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि इस रैली में पंचकूला, कुरूक्षेत्र, अंबाला, कैथल, यमुनानगर एवं करनाल विधानसभाओं के कार्यकर्ता और आम लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रैली के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। रैली में किसी को कोई परेशानी ना हो इसके लिए भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी दी गई हैं। पत्रकार के सवाल पर डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का काम केवल भ्रामक प्रचार करना रह गया है। कांग्रेस चुनाव के समय झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करती है, लेकिन हरियाणा की जनता जागरूक है और कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है। डा. गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में झूठ बोलकर सत्ता हथियाई है। हिमाचल में झूठ का परिणाम सभी के सामने आ रहे हैं। आज हिमाचल की सरकार के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी पैसा नहीं है।

राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान पर बोलते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। जवाहर लाल नेहरू से लेकर, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने आरक्षण का विरोध किया है। राहुल गांधी को आरक्षण का विरोध करना विरासत में मिला है। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जब तक भाजपा है कोई भी ताकत आरक्षण को छू नहीं सकती। राहुल गांधी को घेरते हुए उन्होंने कहा कि विदेशों में जाकर देश का अपमान करना ही राहुल गांधी की आदत बन गई है।

प्रेसवार्ता के दौरान रैली के आयोजक व प्रभारी अशोक गुर्जर ने कहा कि 6 जिलों की सभी 23 विधानसभाओं से जनता पीएम मोदी की रैली में आएगी। रैली को सफल बनाने के लिए कुरूक्षेत्र जिले की पूरी टीम जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह रैली निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मवीर मिर्जापुर, भाजपा नेता रवि बतान आदि उपस्थित रहे।

## पृथला क्षेत्र की समस्त छत्तीस बिरादरी लड़ेगी मेरा चुनाव : दीपक डागर

### दीपक डागर ने पृथला क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में भरा नामांकन







समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी दीपक डागर ने बुधवार को सेक्टर-12 स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। सर्वप्रथम सुबह उन्होंने अपने कैली स्थित कार्यालय पर हवन-यज्ञ किया और बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत वह सेक्टर-12 स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी डा. सिद्धार्थ दहिया के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा कराया। नामांकन पत्र दाखिल करने के उपरांत दीपक डागर अपने कैली स्थित कार्यालय पहुंचे, जहां से सैकड़ों ट्रेक्टरों, गाड़ियों इत्यादि वाहनों के काफिले के साथ एक विशाल रोड शो की शुरूआत की। यह रोड शो पृथला क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर गुजरा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर दीपक डागर जिंदाबाद, दीपक डागर आप आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ है, के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को गुंजामय कर दिया। करीब तीन घण्टे तक चले इस रोड शो का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया और दीपक डागर को विजयीश्री का आशीर्वाद दिया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए दीपक डागर ने कहा कि यह चुनाव पृथला क्षेत्र की जनता के सम्मान का चुनाव है और छत्तीस बिरादरी की जनता ही उनकी टिकट है और उन्हें विश्वास है कि इस चुनाव में बड़ी जीत हासिल करके वह भाजपा शीर्ष नेतृत्व को दिखला देंगे कि उन्होंने बाहरी व्यक्ति को टिकट देकर जनभावनाओं का अनादर करने का काम किया है। दीपक डागर ने कहा कि पृथला विधानसभा क्षेत्र उनका परिवार है और अपने परिवार के बुजुर्गो के आशीर्वाद की बदौलत ही वह चुनावी रण में कूदे है और उन्हें विश्वास है कि लोगों के प्यार और आशीर्वाद से वह इस क्षेत्र से जीत दर्ज करके नया कीर्तिमान रचने का काम करेंगे। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अगर जनता ने उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजा तो पृथला क्षेत्र को विकास के मामले में सबसे अव्वल क्षेत्र बनाना उनकी प्राथमिकता में शुमार होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह स्वयं को दीपक डागर समझकर इस चुनावी रण में उतर जाए ताकि बड़े मार्जिन से इस सीट से जीत हासिल की जा सके।

## राव रामकुमार ने जनसभा को संबोधित कर पदयात्रा के बाद भरा नामांकन



राव राम कुमार जनसभा को संबोधित करते हुए।



राव राम कुमार महाराजा अग्रसेन को माला अर्पण कर उनका आशीर्वाद लेते हुए।



राव राम कुमार के संग जनता पैदल ही बरसात के बावजूद नामाकंन रैली में भाग लेते हुए: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी राव रामकुमार ने मोहना रोड पर स्थित अपने कार्यालय से नामांकन यात्रा की शुरुवात की। जहां उन्होंने जनसेवा कार्यालय पर सुबह पहले हवन किया। इसके बाद उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद नामांकन रैली निकाली। नामाकंन रैली इतनी बड़ी थी, कि सड़क पर जाम लग गया। हजारों की संख्या में लोगों ने रैली में हिस्सा लिया। जिसमें युवाओं के अलावा बुजुर्ग तक पैदल चलते नजर आए। सैंकडों की संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी में राव राम कुमार ने अपना नामांकन भरा। नामांकन रैली जन सेवा कार्यालय मोहन रोड से प्रारंभ होकर आनंद बेकरी से होती हुई मिल्क प्लांट रोड से निकलते हुए अग्रसेन चौक घंटाघर से होते हुए में बाजार के अंदर से अंबेडकर चौक आकाश सिनेमा के आगे से गुप्ता होटल होते हुए मोहना रोड कार्यालय पर सम्पूर्ण हुई। नामांकन रैली में राव रामकुमार के साथ निवर्तमान पार्षद दीपक यादव, कमल यादव, अश्वनी मिश्रा, शुशील यादव, दिनेश यादव आदि के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इनेलो-बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन का नूँह पहुंचनें पर कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

## हर गाँव में लोगों ने ताहिर हुसैन का फूलमालाओं व बुलडोजरों से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया





(अनिल मोहनियां नूंह)

बुधवार को नूँह विधानसभा से इनेलो-बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन टिकट मिलने के बाद नूँह पहुंचे। नूँह पहुंचनें से पूर्व चौधरी ताहिर हुसैन को हजारों कार्यकर्ता गाजे बाजे के साथ व हजारों गाड़ियों व मोटरसाईकिलों के काफिले के साथ बाई का डंडा से लेकर नूँह निवास पर पहुंचे। करीब 6-7 घंटे दिल्ली अलवर मार्ग पूरी तरह जाम रहा। चौधरी ताहिर हुसैन का हर गाँव में फूलमालाओं व बुलडोजरों से पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। हर गाँव में बुजूर्गों व माताओं-बहनों ने चौधरी ताहिर हुसैन के सिर पर हाथ रखकर दुआओं से नवाजा। जगह-जगह पटाखों व ढोल नगाड़े बजाए गए। इस अवसर पर उनके साथ उनकी माता नसीमा हुसैन एडवोकेट व इनेलो नेता हाजी सोहराब प्रमुख रूप से साथ रहे। हर गाँव में ताहिर हुसैन व नसीमा हुसैन ने लोगों का खुली जीप से अभिवादन स्वीकार किया। इस शानदार व भव्य स्वागत के लिए चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने सभी जुझारू व मेहनती कार्यकताओं, 36 बिरादरी के लोगों व सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद व आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन, दुआओं व असीम प्रेम का हमेशा मेवात की 36 बिरादरी का कर्जदार रहूँगा। उन्होंने कहा कि इंशा अल्लाह सही वक्त आने पर आप लोगों द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूँद का कर्ज चुकाऊँगा। हुसैन ने कहा कि आप लोग ऐसे ही दिन-रात 5 अक्तुबर तक मेहनत करते रहें, इंशा अल्लाह आप लोग रिकार्ड मतों से नूँह विधानसभा से जीत दर्ज करने जा रहे हैं। सभी कार्यकर्ता अपने आपको ताहिर हुसैन समझे। आप लोगों का हर सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। मेरा कार्यकर्ता ही मेरा परिवार है। उन्होंने इनेलो-बसपा गठबंधन के टिकट को कार्यकताओं के लिए समर्पित करते हुए कहा कि मेरे लिए आप लोगों का प्यार और जनसमर्थन ही सबसे बड़ा सम्मान है, जिसे आखरी सांस तक कम नहीं होने दुँगा। ताहिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इनेलो सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला को मेवात क्षेत्र की हमेशा फिक्र रहती है। स्वः चौधरी देवीलाल परिवार का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है।

ताहिर हुसैन ने सभी कार्यकताओं से अपील की कि कल दिनांक 12 सितंबर को नामांकन दाखिल करेंगे। 12 सितंबर को सुबह 10 बजे नई अनाज मंडी, नूँह में नामांकन सभा का आयोजन होगा। वहाँ से सभी कार्यकर्ता इकट्ठे होकर लघु सचिवालय के लिए रवाना होंगे और नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से दल-बल के साथ नामांकन सभा में शामिल होने की अपील की।

## मामन खान इंजीनियर की नामांकन जनसभा को देख विरोधियों के हौंसले पस्त।

(अनिल मोहनियां नूंह)



फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर की नामांकन जनसभा में उमड़े जनसैलाब का मामन खान ने आभार जताया और कहा कि फिरोजपुर झिरका की जनता का जो प्यार और समर्थन उन्हें मिल रहा है उसके लिए वो फिरोजपुर की जनता का हमेशा आभारी रहेंगे। बुधवार को मामन खान इंजीनियर ने नगीना खंड के लगभग एक दर्जन गांवों का दौरा कर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने मामन खान इंजीनियर का फूल मालाओं से व पगड़ी बांध कर समर्थन करते हुए कहा कि फिरोजपुर झिरका की जनता मामन खान इंजीनियर के साथ है। मामन खान इंजीनियर एक ऐसे नेता हैं जिसकी फिरोजपुर झिरका की जनता को जरूरत है। जब जब भी फिरोजपुर की जनता को मामन खान की जरूरत पड़ी है मामन खान क्षेत्र की जनता के सुख दुःख में शामिल रहे हैं। फिरोजपुर झिरका की जनता ने कहा कि इस बार मामन खान को रिकॉर्ड तोड वोटों से जिता कर दुबारा विधानसभा में भेजना है। इस दौरान मामन खान इंजीनियर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों का जो प्यार और सम्मान उन्हें मिल रहा है उसका कर्जा वो कभी चुका नहीं पाएंगे। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और कांग्रेस की सरकार बनते ही फिरोजपुर झिरका में रिकॉर्ड तोड विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होने कहा कि आज घाटा गांव में विशाल समर्थन समारोह है। जिसमें क्षेत्र के सभी लोग भारी संख्या में पहुंचे।

## फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट से हबीब हवननगर ने इनेलो का दामन थाम लिया है।

(अनिल मोहनियां नूंह)



फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट से हबीब हवननगर ने इनेलो का दामन थाम लिया है। अब वह विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। बीते काफी दिनों से वह कांग्रेस से चुनाव लडड़े की तैयारियों में जुटें हुए थे लेकिन कांग्रेस ने वहां से पूर्व विधायक मामन खान को मैदान में उतारा है। जिससे हबीब हवननगर ने अब इनेलो का दामन थामकर चुनाव लडड़े की ताल ठोक दी है। इस मौके पर इनेलो नेता हबीब हवननगर ने कहा कि पार्टी ने उनको जो जिम्मेदारी दी है उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे। इस बार वहां से निश्चित तौर पर इनेलो की जीत होगी। नूंह जिला के साथ फिरोजपुर झिरका क्षेत्र पूर्व से इनेलो का गढ़ रहा है। मेवात के लोगों ने हर बार इनेलो का साथ दिया है। इस बार भी नूंह जिला की सभी सीटों से इनेलो की जीत तय है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने फिरोजपुर झिरका विधानसभा में कोई विकास कार्य नहीं किया है। इनेलो की सरकार बनने पर फिरोजपुर झिरका में भरपूर विकास कार्य कराए जाएंगे। हबीब हवननगर में कहा कि मौजूदा विधयक ने इलाके में कोई विकास कार्य नहीं किए। इलाके की जनता विकास कार्य चाहती है इनेलो की सरकार आने पर फिरोजपुर झिरका विधानसभा में विकास कार्यों को बढ़ाया जाएगा। पहले भी इनेलो ने यहां पर विकास कार्यों को रफ्तार देकर जिले के लोगों का मान बढ़ाया है। ऐसे में इस बार लोग एक बार फिर से इनेलो की सीट चौधरी अभय सिंह चौटाला की झोली में देने का कार्य करें। इस मौके पर उनके साथ इनेलो के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सोहराब खान खेड़ी कंकर भी मौजूद रहे।

## पुनहाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एजाज खान ने किया नामांकन



(अनिल मोहनियां नूंह)

नूंह बुधवार को पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मोहम्मद एजाज ने अपना नामांकन-पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान उनके साथ भरतपुर राजस्थान की पूर्व सांसद रंजीता कोली भी मौजूद रही। पूर्व सांसद ने भाजपा प्रत्याशी मोहम्मद एजाज के नामांकन में बाद जनता से भाजपा प्रत्याशी को भारी वोटों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सांसद रंजीता कोली ने कहा कि एक साधारण से कार्यकर्ता को भाजपा पार्टी ने टिकट देकर एक इतिहास रचा है, निश्चित तौर पर यहां से कमल खिलेगा। बता दें की भाजपा ने पूर्व गृहमंत्री मरहूम सरदार खां के पुत्र मोहम्मद एजाज को टिकट दिया है। इसी सीट कर कांग्रेस के उम्मीदवार मोहम्मद इलियास भी चुनावी मैदान में है। यह मुकाबला दोनों चचेरे भाइयों के बीच रहेगा। विधायक मोहम्मद इलियास प्रदेश के पूर्व मंत्री रहीम खां के पुत्र है तो वहीं भाजपा प्रत्याशी मोहम्मद एजाज पूर्व गृहमंत्री सरदार खां के पुत्र है। सरदार खां और रहीम खां दोनों सगे भाई थे जो काटपुरी गांव से संबंध रखते थे। मोहम्मद इलियास 2018 में इनेलो को अलविदा कहकर कांग्रेस में आए थे। उस समय एजाज खान कांग्रेस में थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एजाज खान को पार्टी का टिकट देकर उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन करने से कुछ समय पहले ही एजाज का टिकट बदलकर मोहम्मद इलियास को दे दिया। कांग्रेस से नाराज एजाज ने उसी समय कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा में आ गए। अब पुन्हाना का मुकाबला दिलचस्प बन गया है। इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं का आभार प्रकट किया।

## बीजेपी की शह पर इनेलो की शक्ल में जनता को फिर ठगने की गहरी साजिश: आफताब अहमद

(अनिल मोहनियां नूंह)



नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद ने एक तीर से दो निशाने साधते हुए कहा कि एक तरफ इनेलो के अभय चौटाला बीजेपी के जाकिर हुसैन पर बीते दिनों आरोप लगा रहे थे कि जाकिर हुसैन ने नूंह के लोगों और अपने धर्म को बीजेपी के पास गिरवी रख दिया है। दूसरी तरफ उन्हीं को आज इनेलो टिकट देकर अपनी कथनी करनी में अन्तर दिखा रही है। कुछ दिन पहले अभय चौटाला जिन पर अपनी पार्टी से और पूरे इलाके से धोखा देने व धर्म गिरवी रखने जैसे गंभीर आरोप लगा रहे थे आज खुद भी उसी साजिश में शामिल हो गए हैं। बता दें कि हाल ही में अभय चौटाला ने अपनी नूंह पद यात्रा के दौरान जाकिर हुसैन पर नाम लेकर कहा था कि जाकिर को घर बैठे विधायक बना दिया था फिर बाद में धोखा देकर चला गया था, ये उस पार्टी में चला गया था जो नूंह जिले के लोगों की दुश्मन है, लेकिन जाकिर अपने स्वार्थ के लिए चला गया था, इसने अपने स्वार्थ के लिए कई जगह अपने धर्म को भी गिरवी रख दिया था। ऐसे लोगों की जड़ मूल से समाप्त व खत्म कर दो ताकि तुम्हारे साथ भेदभाव ना कर सकें। अब अभय चौटाला ने अपने ही ब्यान के खिलाफ जाकर जाकिर हुसैन के पुत्र को इनेलो का टिकट दिया है जबकि जाकिर हुसैन अभी भी बीजेपी में ही बने हुए हैं और हरियाणा वक्फ बोर्ड के चेयरमैन बनने की जगत में लगातार जुटे हुए हैं। पत्रकारों ने जब कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद का वक्तव्य लेना चाहा तो उन्होंने कहा कि इससे कुछ भी नया नहीं है ना हैरानी जैसा कुछ है ब्लकि ये साफ और स्पष्ट है कि बीजेपी के साथ इनेलो, बसपा, जजपा मिले हुए हैं। ये सहयोगी दल बीजेपी के लिए वोट काटने का कार्य करना चाहते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर आम जन समझ चुका है कि बीजेपी के खिलाफ जनता के मुद्दों की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस ने लड़ी है। 75 प्रतिपक्ष से अधिक लोगों का समर्थन कांग्रेस को आज की तारीख में मिलता साफ नजर आ रहा है इसी से बौखला कर विपक्षी दलों के स्वार्थी लोग नूंह जिले के विकास को रोकने की साजिश रच रहे हैं। बता दें कि नूंह जिले में कांग्रेस ने नूंह से आफताब अहमद, फिरोजपुर झिरका से मामन खान, पुनहाना से मोहम्मद इलियास तो बीजेपी ने संजय सिंह, नसीम अहमद, मोहम्मद एजाज को मैदान में उतारा है। दिलचस्प ये है कि टिकट कटने के बाद भी जाकिर हुसैन बीजेपी में हैं जबकि उनके बेटे ने इनेलो जॉइन कर चुनाव की घोषणा की है जबकि जाकिर हुसैन के पुत्र ताहिर हुसैन काफी समय से जनता के बीच से गायब रहे हैं।

## होडल से डा. नवीन रोहिल्ला ने आजाद प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल की राजनीति में आया नया मोड़ त्रिकोणीय मुकाबले हुआ होडल विधान सभा का चुनाव डा नवीन रोहिल्ला ने कहा की भारी मतों से होगी हमारी जीत होडल विधानसभा से बुधवार को आजाद उम्मीदवार के रूप में नेत्री डा. नवीन रोहिल्ला ने अपना नामांकन दर्ज कराया। बुधवार को डा. नवीन रोहिल्ला अपना नामांकन भरने के लिए अपने हजारों समर्थकों के साथ सैकड़ो वाहनों के काफिले को लेकर गोढोता चौक स्थित अपने कार्यालय से होते हुए बाबरी मोड़, गोढोता चौक, हसनपुर चौक, राजीव चौक, चरण सिंह चौक व चरण सिंह चौक होते हुए हुए पुन्हाना रोड स्थित लघु सचिवालय पर पहुंची। लघु सचिवालय में पहुंचने के बाद नवीन रोहिल्ला ने चुनाव अधिकारी रणवीर सिंह के समक्ष होडल विधानसभा से अपना नामांकन दर्ज किया।



बुधवार को होडल विधानसभा से आजाद उम्मीदवार के रूप में होडल से अपना नामांकन दर्ज कराया। नामांकन दर्ज करने के बाद डा. रोहिल्ला ने कहा कि अगर अबकी बार होडल विधानसभा की जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया तो वह जनता की सभी मांगों पर पूरा उतरेंगी। उन्होंने कहा कि वह पिछले पांच सालों से क्षेत्र में कार्य कर रही है जनता के शुखदुख में जनता के बीच जाकर सेवा की है और जनता की सेवा में उन्होंने अब तक कोई कसर नहीं छोड़ी है। विधानसभा में अब तक रहे विधायकों ने क्षेत्र में एक भी ऐसा विकास के नाम पर काम नहीं किया जो कि जनता उन्हें अपना प्रतिनिधि समझें। रोहिल्ला ने कहा कि अगर क्षेत्र की जनता ने उन्हें होडल विधानसभा से जिताकर विधानसभा में भेजा तो वह क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने होडल की जनता से अपील करते हुए कहा की वह उन्हें अपना कीमती वोट देकर विजय बनाए। इस मौके पर नवल पंडित, मदन लाल रोहिल्ला, खयाली, सोहन लाल, संदीप पूर्व पार्षद, प्रेम चौधरी, दौलत, दुलीचंद के अलावा अन्य हजारों समर्थक मौजूद थे।

## पुनहाना विधानसभा सीट से इनेलो- बसपा गठबंधन की प्रत्याशी दया भड़ाना किया नामांकन

(अनिल मोहनियां नूंह)

बुधवार को पुन्हाना विधानसभा सीट से इनेलो- बसपा गठबंधन की प्रत्याशी दया भड़ाना ने अपना नामांकन पत्र भर दिया। इस मौके पर इनेलो बसपा की संयुक्त प्रत्याशी दया भड़ाना ने कहा कि पुन्हाना विधानसभा सीट से इनेलो - बसपा पार्टी के गठबंधन ने विश्वास जताते हुए चुनावी मैदान में उतारा है इसके लिए दोनों पार्टियां का आभार व्यक्त करती है। दया भड़ाना ने कहा कि पिछली सरकारों ने पुन्हाना विधानसभा में कोई विकास कार्य नहीं किया। इनेलो की सरकार आने पर पुन्हाना में भरपूर विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेवात इनेलो का गढ़ रहा है। इस बार पुन्हाना विधानसभा की सीट इनेलो गठबंधन की झोली में जाएगी। दया भड़ाना ने



कहा कि मौजूदा विधायक ने क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किया है। इलाके की जनता विकास कार्य चाहती है इनेलो की सरकार आने पर पुन्हाना विधानसभा में भरपूर विकास कार्य करवाएं जाएंगे। यहां पर शिक्षा, बिजली, पानी, सडक सहित अन्य सुविधाओं का अभाव है पूर्व के नेताओं ने यहां पर कोई विकास कार्य नहीं कराया। जिसके चलते पुन्हाना क्षेत्र विकास के पथ पर लगातार पिछड़ता गया। अगर उनको विधायक बनने का मौका मिला तो वह पुन्हाना क्षेत्र की तकदीर को बदलने का कार्य करेंगी। इस दौरान भारी संख्या में उनके सर्मथक मौजूद रहे। उन्होंनि कहा कि कांग्रेसी नेताओं ने अपना विकास कराया है। पूर्व में सरकार रहते हुए नूंह जिला के कांग्रेसी जिले को कोई सौगात नहीं दे पाए। अब बीते दो कार्यकाल से भाजपा ने भी नूंह जिला के लिए कुछ नहीं किया। अब जनता के पास इनेलो बसपा की एकमात्र विकल्प है। इसलिए आने वाली 5 अक्टूबर को उनको वोट देकर सफल बनाए। तभी जाकर यहां के रूके हुए विकास कार्य पूरे कराएं जाएंगे।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शस्त्र लाइसेंस धारक जल्द से जल्द अपने लाइसेंसी हथियार जमा करवाएं-चंद्र मोहन,एसपी

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक पलवल चंद्र मोहन, भा०पु०से० ने शस्त्र लाइसेंस धारकों को जल्द से जल्द अपने लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई है तथा आगामी दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को चुनाव प्रस्तावित किए गए हैं। चुनाव की घोषणा के साथ जिला पलवल में भी आदर्श आचार संहिता लागू है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक को अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना व गन हाउस में जमा कराएं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आपके क्षेत्र में जिन-जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने या गन हाउस में जमा करवाया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति गन हाउस में भी अपने हथियार जमा करवा सकता है परंतु हथियार जमा करवाने की रसीद



को संबंधित थाने में दिखाना अनिवार्य है।

पुलिस अधीक्षक ने कड़े शब्दों में कहा कि चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वह

### शस्त्र लाइसेंस धारक के द्वारा हथियार नहीं जमा कराने पर लाइसेंस कैंसिल की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी-चंद्र मोहन,एसपी

अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

यदि शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस की कैंसिलेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने जिले की आम जनता से अपील की है कि चुनाव के दौरान यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करता है या किसी प्रकार का षड्यंत्र रचने की जानकारी उनके पास है तो इसकी तुरंत सूचना अपने निकटवर्ती पुलिस थाना या चौकी में दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा। वही जिला पलवल की संपूर्ण जनता से चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सफल बनाने के लिए पुलिस विभाग को सहयोग की अपील की है।

## पुनहाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एजाज खान ने किया नामांकन।

(अनिल मोहनियां नूंह)

नूंह बुधवार को पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मोहम्मद एजाज ने अपना नामांकन-पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान उनके साथ भरतपुर राजस्थान की पूर्व सांसद रंजीता कोली भी मौजूद रही। पूर्व सांसद ने भाजपा प्रत्याशी मोहम्मद एजाज के नामांकन में बाद जनता से भाजपा प्रत्याशी को भारी वोटों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सांसद रंजीता कोली ने कहा कि एक साधारण से कार्यकर्ता को भाजपा पार्टी ने टिकट देकर एक इतिहास रचा है, निश्चित तौर पर यहां से कमल खिलेगा। बता दें की भाजपा ने पूर्व गृहमंत्री मरहूम सरदार खां के पुत्र मोहम्मद एजाज को टिकट दिया है। इसी सीट कर कांग्रेस के उम्मीदवार मोहम्मद इलियास भी चुनावी मैदान में है। यह मुकाबला दोनों चचेरे भाइयों के बीच रहेगा। विधायक मोहम्मद इलियास प्रदेश के पूर्व मंत्री रहीम खां के पुत्र है तो वहीं भाजपा प्रत्याशी मोहम्मद एजाज पूर्व गृहमंत्री सरदार खां के पुत्र है। सरदार खां और रहीम खां दोनों सगे भाई थे जो काटपुरी गांव से संबंध रखते थे। मोहम्मद इलियास 2018 में इनेलो को अलविदा कहकर कांग्रेस में आए थे। उस समय एजाज खान कांग्रेस में थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एजाज खान को पार्टी का टिकट देकर उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन करने से कुछ समय पहले ही एजाज का टिकट बदलकर मोहम्मद इलियास को दे दिया। कांग्रेस से नाराज एजाज ने उसी समय कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा में आ गए। अब पुन्हाना का मुकाबला

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने जनसंपर्क अभियान

## सरदारी बोली— आजादी के बाद भाजपा राज में हुआ गांव का विकास



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के तहत आज विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों से वोट की अपील करते हुए भाजपा सरकार के 10 सालों के विकास कार्यों को लोगों के समक्ष रखा। मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ की जनता द्वारा दी गई पगड़ी को हरियाणा में झुकने नहीं दूंगा,बल्लभगढ़ की पगड़ी हरियाणा में सबसे ऊंची रहेगी।

उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता रही है और आगे भी बल्लभगढ़ को विकास के मामले में हरियाणा में नंबर वन बनाकर रखूंगा।आज जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मूलचंद को सेक्टर 2 सेक्टर की समस्त 500 गज ब्लॉक के निवासियों ने अपना समर्थन देकर विजय होने का आशीर्वाद दिया। मूलचंद शर्मा इसके उपरांत बल्लभगढ़ के भीकम कॉलोनी पहुंचे, इस अवसर पर उन्होंने बल्लभगढ़ के शुभम वशिष्ठ द्वारा विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक और कांस्य पदक लेने पर उन्हें बधाई दी , शुभम वशिष्ठ के परिजनों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में बेहतर खेल नीति भाजपा सरकार ने बनाई। उसी का लाभ आज खिलाड़ियों को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने चावला कॉलोनी पहुंचकर अपने सीधे संवाद में कहा कि बल्लभगढ़ में अधिकारियों को एक छत के नीचे लाने के लिए मिनी सचिवालय का निर्माण कराकर लोगों को इधर-उधर जाने में लगने वाले कीमती समय उनके धन को भी बचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में कॉलेज निर्माण, स्कूल निर्माण के साथ साथ सामुदायिक भवनों का निर्माण भी भाजपा सरकार ने कराया। बल्लभगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में हब बनकर उभरा है।

बल्लभगढ़ क्षेत्र की बेटियां सरकारी महिला कॉलेज में सरकारी फीस पर शिक्षा का लाभ ले रही हैं पहले बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए शहर से दूर जाना पड़ता था। उनका कहना है कि बल्लभगढ़ शिक्षित होगा तभी बल्लभगढ़ आगे बढ़ेगा।गांव रनहेडा खेड़ा पहुंचने पर गांव की सरदारी ने भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। तौसीफ, क्यूम खान सतार, रहीश खान अपने गांव की तरफ से गुलदस्ता देते हुए कहा की हमारे गांव में आजादी के बाद पहली बार भाजपा सरकार सरकार ने करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए है। उन्होंने गांव की तरफ से समर्थन देने की घोषणा की। जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से एसएस मान, धर्मपाल यादव, विजेंद्र चहल दीपक यादव, धर्मपाल रावत, प्रमोद राणा, डीपी यादव, देवेंद्र गोयल, आनंदपाल राठी, सुभाष चौधरी, चतर सिंह मलिक, कर्मवीर शर्मा भी मोजूद रहे।

## आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजों को किया गया विशेष पोषाहार वितरण



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान- महादान मुहीम के तहत विक्रम सिंह उपायुक्त एवम अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के मार्गदर्शन मे रेडक्रॉस भवन सेक्टर 12, फरीदाबाद मे जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद और इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन के सयुंक्त तत्वावधान में क्लब की सदस्य सान्वी जैन और शालु गुप्ता के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजो को विशेष पोषाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ एम पी सिंह, आजीवन सदस्य जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद ने शिरकत की। सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि डॉ एम पी सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मंत्री जी का सपना है कि वर्ष 2025 तक भारतवर्ष को टी बी मुक्त बनाना है तथा सभी प्रधानमंत्री जी के सपने को सभी समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही पूर्ण किया जा सकता है अतः इस मुहिम को सार्थक करते हुए फरीदाबाद की स्वयमसेवी संस्था अहम भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित पूजा जैन, क्लब प्रधान ने जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहीम को बहुत ही सार्थक बताते हुए तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नही है यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए । उन्होंने यह भी आश्वासन दिया की जिला रेड क्रॉस सोसाइटी जब भी टी बी के रोगियों के लिए ऐसा कोई कार्यक्रम करेगी तो इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन सदैव अपना सहयोग देगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने बताया कि तपेदिक की बीमारी बहुत ही खतरनाक बीमारी है, परन्तु लाइलाज नहीं है इस बीमारी से सफल इलाज यही है कि पौष्टिक आहार ले और समय-समय पर अपनी जांच कराए। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन हिमांशु, प्राथमिक चिकित्सा प्रवक्ता के द्वारा किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब की ओर से एकता रमन क्लब सचिव, संदीपिका वशिष्ठ, शालू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रेखा गुप्ता, तथा रेडक्रॉस स्टाफ से रामबरन यादव, रामकिशोर, बृजमोहन शर्मा, प्रेम, रानी, परवीन व अन्य रेडक्रॉस स्टाफ ने पूर्ण सहयोग दिया।

## रैली निकाल आमजन को किया मतदान के लिए जागरूक



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशानुसार स्वीप के नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-55 के छात्र-छात्राओं ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंब्रेला रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मतदान के अधिकार के महत्व और इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने बताया कि यह रैली चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार स्वीप गतिविधि के अंतर्गत राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-55 के छात्र-छात्राओं द्वारा अंब्रेला रैली निकाली गयी। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाए और पोस्टर प्रदर्शित किए, जिन पर मतदान के महत्व के संदेश थे। उन्होंने मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने और चुनाव में भाग लेने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने कहा, मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य है। हमारे विद्यार्थियों ने आज मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सराहनीय काम किया है। इस रैली में 750 छात्र-छात्राओं व 35 अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देने वाले नारे लगाये गये और पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

## दुकानदार काम से आकर आधी रात तक 45 दिनों तक करते हैं रामलीला का अभ्यास



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि रात सीता स्वंयवर का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि पूरी रामलीला में सीता स्वंयवर लक्ष्मण के किरदार की कला का सबसे अहम व मुश्किल दृश्य होता है क्योंकि इसी दृश्य में लक्ष्मण को सबसे पहले रावण के साथ सबसे जोशीले संवाद करने पड़ते हैं, उसके बाद राजा जनक के साथ बहुत ही क्रोधित संवाद बोलने पड़ते है तथा दृश्य के अंत में परशुराम के साथ सबसे ज्यादा क्रोधित होना पड़ता है इस तरह एक ही दृश्य में तीन-तीन कलाकारों से जोश और क्रोध में संवाद बालेते हुए, अपनी आवाज को सीन के अंत तक बनाये रखना किसी भी कलाकार के लिये आसान नहीं होता तथा यह दृश्य रामलीला में सबसे बड़ा दृश्य भी होता है। हमारी रामलीला में पिछले पाँच वर्षों से लगातार इस किरदार को राजू खरबंदा बखूबी निभाते आ रहे हैं तथा दर्शकों के चहीते कलाकारों में से एक है जिनके आते ही दर्शकों की तालियों से पंडाल गूंज ऊठता है। निर्देशक हरीश आजाद ने बताया कि रावण के किरदार में तेजिन्द्र खरबंदा जोकि श्री धार्मिक लीला के सबसे मजबूत और दर्शकों के सबसे चेहते कलाकार हैं ने भी अपनी कला को निखारने के लिये पसीना बहाया, परशुराम का अभिनय कर रहे परवीन बतरा ने अपने क्रोधित संवादों का अभ्यास किया तो राजा जनक का रोल कर रहे रोहित खरबंदा ने अपनी काँपती व रूहानी आवाज का अभ्यास किया। निर्देशक ने बताया कि ज्यादातर कलाकार अपना व्यवसाय करते हैं इसलिये रात को अपनी दुकान व कार्यालय से आकर 45 दिनों तक आधी रात तक अभ्यास करते हैं। यही रामलीला का जोश व जूनून है जिसकी वजह से एम ब्लॉक की तीसरी पीढ़ी लगातार पिछले 45 वर्षों से रामलीला करती आ रही है।

## हिंदी दिवस प्रतियोगिताएं में सराय प्रथम



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने जिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान पाली फरीदाबाद द्वारा आयोजित खंड स्तर की हिंदी दिवस प्रतियोगिता में भाषण, स्वरचित कविता, नारा लेखन, भाषण और व्याकरण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि इस से पूर्व शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा विद्यालय स्तर पर भाषण, नारा लेखन, व्याकरण, दृश्य घटना, चित्र देख कर कहानी लिखना और स्वरचित कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सौ से भी अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की तथा प्राध्यापिका दुर्गेश, बबीता, सीमा, सुनीता, विजयपाल, दिलबाग सिंह, धर्मपाल, जितेंद्र गोगिया सहित अन्य अध्यापकों की प्रमुख भूमिका रही। आधी कविता पूरी करने में एकलव्य और काजल प्रथम, राहुल द्वितीय, नारा लेखन में चिराग तृतीय, भाषण में मंदिश मिश्रा प्रथम, कक्षा नवीं की छात्रा निधि तथा जूनियर वर्ग में व्याकरण में मीनाक्षी, चित्र देख कर कहानी लेखन में दिशा प्रथम, साक्षी द्वितीय, दृश्य घटना में अनन्या द्वितीय, साडिया तृतीय, कविता में पिया द्वितीय, खुशबू तृतीय तथा चित्र देख कर कविता लेखन में अमृता द्वितीय रही। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए सभी अध्यापकों का अच्छी तैयारी के लिए अभिनंदन भी किया। इन्होंने सभी अध्यापकों से कहा कि आप के परिश्रम के बिना इन इतनी अधिक संख्या में विद्यार्थियों का खंड स्तर की प्रतियोगिता में सफल हो कर आना सरल नहीं था, उन्होंने सभी अध्यापकों का पुनः आभार और धन्यवाद प्रकट किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और अध्यापक खंड स्तर की प्रतियोगिता के विजेता सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों के साथ।

## मनाया विश्व आत्महत्या दिवस



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ हरजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में केएल मेहता दयानंद कॉलेज में युवा रेडक्रॉस क्लब के सहयोग से मनाया गया। आत्महत्या पर कलंक को कम करने और कहानी को बदलने के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियाँ की गईं। कार्यक्रम का आरंभ डॉ श्वेता आर्य द्वारा किया गया। मनोवैज्ञानिक प्रीति यादव द्वारा आत्महत्या रोकथाम पर एक वार्ता दी गई। डॉ मोहिंदर पाल एमओ इंचार्ज ओएसटी सेंटर द्वारा एक खुला इंटैरैक्टिव सत्र छात्रों के साथ नकारात्मक और आत्मघाती विचारों को दूर करने और प्रश्नों को हल करने के तरीके पर चर्चा की गई। काउंसलर अनीता ने नशा व आत्महत्या कि बढ़ते केस पर प्रकाश डाला, छात्रों ने आत्महत्या की रोकथाम पर अपने विचार भी रखे। आत्महत्या रोकथाम पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिए गए। मालिश देने के लिए एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। अंत में उनके बीच जलपान वितरित किया गया। अवसर पर ओ एस टी काउंसलर अनीता वि सुमन्त्र नर्सिंग ऑफिसर व कॉलेज की प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी जॉइंट रिप्लेसमेंट में बड़ा बदलाव ला रही है

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** शहर में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में अग्रणी मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद घुटना रिप्लेसमेंट के लिए सबसे एडवांस्ड रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी के अभ्यास के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर गर्व करता है। 5 डी रोबोटिक तकनीक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के तरीके में बड़ा बदलाव ला रही है और मरीजों को बेहतर सटीकता प्रदान करने, जल्द से जल्द रिकवरी करने तथा समग्र परिणाम में मदद कर रही है।

## गौरक्षक गिरोह द्वारा आर्यन मिश्रा की हत्या के खिलाफ नागरिकों का फूटा गुस्सा

**श्रृद्धांजलि सभा के बाद सड़क पर उतरे नागरिक, किया रोष प्रदर्शन**

**पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष**



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** गौरक्षा गिरोह द्वारा 23 अगस्त को गोली मारकर 12वीं कक्षा में पढ़ रहे होनहार छात्र आर्यन मिश्रा की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, किसानों मजदूर व कर्मचारी संगठनों से जुड़े सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने नगर निगम कन्वेंशन हाल में श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इसके बाद नागरिकों का गुस्सा फूटा और नागरिकों ने सड़क पर उतर कर बीके चोक से नीलम तक रोष प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। श्रृद्धांजलि सभा की अध्यक्षता एसकेएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने की। संचालक ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने किया। श्रृद्धांजलि सभा व प्रदर्शन में मृतक आर्यन मिश्रा के पिता सिया नंद मिश्रा, मां,भाई व ताऊ सिया राम मिश्रा भी मौजूद थे। आर्यन मिश्रा के पिता सिया नंद मिश्रा ने श्रृद्धांजलि सभा में बोलते हुए कहा कि मेरे बेटे को साजिश के तहत मारा गया है। पुलिस गाड़ी में बैठे चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की बजाय उन्हें निर्दोष बता रही है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए तथाकथित गौरक्षक गिरोह के सदस्य को तफ्तीश कर रहे पुलिस अधिकारी नेक इंसान बता कर हमारे जले पर नमक छिड़कने का काम कर रहे है। उन्होंने हत्या की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि मैं कट्टर सनातनी हिन्दू ब्राह्मण हूं। लेकिन हिंदू हिंदू चिल्लाने वाला कोई भी संगठन व प्रशासन का कोई भी अधिकारी मेरे घर सांत्वना देने नहीं आया। इससे इनकी सच्चाई मालूम पड़ती है। नरेश कुमार शास्त्री, सुभाष लांबा,बेचू गिरी, वीरेंद्र डंगवाल, करतार सिंह, युद्धवीर खत्री, सतपाल नरवत, कैलाश शर्मा,रघबर सिंह, गुरुचरण खाडिया ल कृष्ण कुमार कालीरमन आदि ने अपने संबोधन में गौरक्षा गिरोह द्वारा की जा रही निर्दोष लोगों की हत्याओं की घोर निन्दा की और इसके भाजपा सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक आज से शुरू हुआ आंदोलन जारी रहेगा। रोष प्रदर्शन के बाद नागरिकों के एक शिष्टमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा और शीघ्र अमल करने की मांग की।

**श्रृद्धांजलि सभा में निम्न मांगों का प्रस्ताव किया पारित**

श्रृद्धांजलि सभा एवं रोष प्रदर्शन में पीड़ित परिवार की मांग अनुसार आर्यन मिश्रा की हत्या की सीबीआई से जांच करवाने, हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने, पीड़ित परिवार को बिना किसी देरी के सुरक्षा मुहैया कराने,पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी पक्की नौकरी व एक करोड़ रूपए मुआवजा देने , आर्यन मिश्रा का परिवार जिस मकान में किराए पर रहता है,उस मकान मालिक ने मृतक के पिता से लंबी लीज का भुगतान करने के लिए गए 4.15 लाख रुपए कर्ज को वापस दिलवाने, आर्यन मिश्रा के पीड़ित परिवार को वैकल्पिक आवास की सुविधा प्रदान करने और आपराधिक गौरक्षक गिरोहों को भंग करने और सरकारी मान्यता, मंजूरी और संरक्षण को समाप्त करने की मांग की गई।

**श्रृद्धांजलि सभा एवं प्रदर्शन में निम्न मौजूद थे**

प्रदर्शन में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, मानव सेवा समिति व अभिभावक एकता मंच के महासचिव कैलाश शर्मा, भौजपुरी अवधि समाज से रघबर सिंह, किसान संघर्ष समिति नहर पार के महासचिव सतपाल नरवत, एसकेएस के जिला प्रधान करतार सिंह, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री,सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र डंगवाल, रवि गुलिया,सुधा,एटक से बिशंबर सिंह,मिथलेश कुमार सेक्टर 62 आरडब्ल्यूए के वरिष्ठ नेता श्रीपाल सिंह भाटी, सेक्टर तीन रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के सचिव रतनलाल राणा आदि मौजूद थे।

## सातवें दिन 14 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र: विक्रम सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 85- पृथला विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अबदुत नाथ, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर दीपक डागर, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर समय सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर रघुबीर तेवतिया और कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रेमवती तेवतिया ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी डा. सिद्धार्थ दहिया के समक्ष, 88- बल्लभगढ़ विधान सभा के नामांकन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राव राम कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी मयंक भारद्वाज के समक्ष, 89- फरीदाबाद विधान सभा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर विजय कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर आदर्श बाल्याण, भारतीय जनता पार्टी से विपुल गोयल और भारतीय जनता पार्टी से कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर पल्लवी गोयल ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी शिखा अँतिल के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए।

इसी प्रकार 90- तिगांव विधानसभा के नामांकन के लिए समता पार्टी से प्रत्याशी के तौर पर सोमेश्वर सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर गिर्राज शर्मा, अखिल भारतीय मानवतावादी पार्टी से राम बहादुर, बहुजन समाज पार्टी से लाल चंद शर्मा ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सतबीर मान के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार को नामांकन के सातवें दिन 86- एनआईटी फरीदाबाद विधान सभा और 87- बड़खल विधान सभा में कोई भी नामांकन नहीं आया। किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया।

## भारत में होने वाले 90 प्रतिशत अपराधों के पीछे केवल एक ही कारण है नशा

**नूह।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो नशे के विरुद्ध अथक प्रयास कर रही है। हरियाणा में एक और नशा तस्करों की नाक में नकेल डालने का भारी भरकम कार्य किया जा रहा है इसका स्पष्ट उदाहरण इस वर्ष 2024 के प्रथम 6 मास में 1653 अभियोग अंकित कर 2196 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजना है। ब्यूरो प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब द्वारा गुरुकुल गमन, नून लौटा जैसे प्रेरणादायक कार्यों के द्वारा भी लोगों में जागृति लाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। ब्यूरो पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के कुशल नेतृत्व में नशे को समूल नष्ट करने के क्षेत्र में नए नए सकारात्मक कार्यों का श्रीगणेश किया गया है। युवाओं का ध्यान खेलों की और आकर्षित करना भी इसका एक अंग है। ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहे। वे आज नूह के राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में पहुंचे और नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में 250 छात्राओं और 18 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल पुरुष वर्ग द्वारा प्रयोग में लाया जा रहा है अपितु महिला वर्ग भी इसका शिकार हो गया है। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव इतने भयानक हैं कि अनेक घर के दीपक बुझ गए। छोटी आयु के बच्चे नशे के प्रभाव में आकर अपराध करने लगते हैं। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार भारत में होने वाले 90 प्रतिशत अपराधों के पीछे केवल एक ही कारण हैं और वो हैं नशा। उन्होंने छात्राओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया और कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

## मतदाता अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करें : डीईओ

### -स्वीप गतिविधियों के तहत गांव कंवाली में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम






**रेवाड़ी:** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में जिला प्रशासन रेवाड़ी द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में व स्वीप गतिविधियों की जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी अनुपमा अंजलि की देखरेख में जिला प्रशासन रेवाड़ी की ओर से बुधवार को स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियों के तहत गांव कंवाली स्थित शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव मतदाता जागरूकता को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता गीत तथा मतदान-शपथ मुख्य आकर्षण रहे। महोत्सव में सैकड़ों सामाजिक कार्यकताओं, पंच-सरपंचों तथा शिक्षाविदों ने मतदाता जागरूकता पर आयोजित कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शनिवार 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा के 15वें आम चुनाव में बढ़चढकर मतदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि चुनाव पांच सालों के बाद आते हैं। इन चुनावों का मकसद हम अपने देश और राज्य के लिए अच्छे प्रतिनिधियों का चयन करना होता है ताकि देश में या राज्य में अच्छी सरकार का गठन किया जा सके। भारत में लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र में मतदान से हमें सरकार चुनने का मौका मिला है। चुनाव में हर मतदाता को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मतदान में हर मतदाता को हर हाल में सभी को भाग लेना चाहिए। मतदाताओं को पूरी सोच विचार के बाद ही किसी प्रत्याशी को वोट देना चाहिए। किसी भी तरह के लालच में आकर वोट नहीं करना चाहिए। इसलिए 5 अक्टूबर के दिन प्रत्येक मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचे और अपने वोट का इस्तेमाल करे।

शिक्षा विभाग की ओर से स्वीप गतिविधियों में सहभागी प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहडिया ने बताया कि सांस्कृतिक उत्सव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मुख्यमंच से प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक ने मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल यादव की देखरेख में जागरूकता पर केंद्रित रोचक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग की सेवानिवृत्ति संयुक्त निदेशक संगीता यादव ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को गांव-गांव तथा घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

सांस्कृतिक उत्सव के नोडल अधिकारी अशोक नामवाल ने बताया कि जिले के सभी स्कूलों में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन मतदाता जागरूकता शपथ के साथ हुआ, जिसमें उत्सव में पधारे सभी स्कूल मुखियाओं, शिक्षकों सामाजिक कार्यकताओं, पंच-सरपंचों तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। गांव की सरपंच शीलवती ने सभी का आभार व्यापित किया।

इस अवसर पर जिला स्वीप टीम से जुड़े सतीश मस्तान, प्रवक्ता डॉ ज्योत्स्ना यादव व सुधीर यादव सहित अनेक कलाकार तथा रंगकर्मी उपस्थित रहे।

**मतदाता जागरूकता गीत का लोकार्पण 13 को**

स्वीप टीम तथा डीआईपीआरओ विभाग द्वारा तैयार किए गए हिंदी तथा हरियाणवी मतदाता जागरूकता गीतों का लोकार्पण 13 सितंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अभिषेक मीणा करेंगे। उक्त गीतों के रचनाकार प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहडिया हैं जबकि इन गीतों को जाने माने संगीतकार मुरारी लाल सोनी तथा गायिका मीना दादरी ने स्वर दिया है।

## जीजेयू द्वारा आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के एप्लाइड मनोविज्ञान विभाग में आत्महत्या रोकथाम दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा. संजय परमार ने की। कार्यक्रम में कुलपति के तकनीकी सलाहकार डा. संदीप राणा, डा. राकेश बहमनी व डा. तरूणा भी उपस्थित रहे। प्रो. संदीप सिंह राणा ने विद्यार्थियों को जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से जीने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज जीवन ही है और इसको हमें उत्साह तथा खुशी के साथ जीना चाहिए। उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं। जिस प्रकार धूप छांव आती है, उसी प्रकार जीवन में खुशी और गम आता जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या रोकथाम विषय पर पोस्टर मेकिंग, नाटक, भाषण और कविता प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वारा 'आत्महत्या रोकथामः अपने मानसिक स्वास्थ्य के स्वामी बनें' विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डा. रविन्द्र पुरी ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा. रविन्द्र पुरी ने कहा कि मानसिकता का सकारात्मक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक घटनाओं को बाहरी मानें और सकारात्मक घटनाओं को अपने भीतर आत्मसात करें, साथ ही निश्चयात्मकता बनाए रखें। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डा. संजय परमार द्वारा कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। समापन अवसर पर सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. विजेता, डा. पूनम, डा. प्रियंका तथा डा. गोबिंद वर्मा उपस्थित रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा है जागरूकः एसडीएम

**सिवानी सोनिका सूरा**




एसडीएम वीरेंद्र सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र ने बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवानी में मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान के तहत विद्यार्थियों को विधान सभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर प्रेरित किया और जागरूकता रैली निकाली गई।एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने स्कूली विद्यार्थियों के जरिये मतदाताओं को बढ़चढ़ कर मतदान करने का संदेश दिया विधानसभा चुनाव -2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग व प्रशासन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जहां लोकतंत्र के महापर्व पर पांच अक्टूबर को, विधान सभा चुनाव- 2024 में मतदान में बढ़ चढ़ कर मतदाताओं को भागीदार बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।बता दें कि प्रशासन की ओर से वाल पेंटिंग,होर्डिंग्स व प्रचार के विभिन्न माध्यमों के जरिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है,जोकि मतदाताओं को जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। वहीं स्वीप गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इन दिनों मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर लगी प्रचार सामग्री मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 5 अक्टूबर को मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने का आह्वान कर रही हैं। जगह-जगह लगी मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री बैनर, हो-डिंग्स आदि मतदाताओं को बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक कर रहे हैं।

एसडीएम ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रचार-सामग्री के माध्यम से आमजन को मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने पात्र मतदाताओं से आगामी 5 अक्टूबर को बढ़ चढ़कर मतदान का आह्वान किया।

## नामांकन के सातवे दिन सात ने भरा नामांकन अब तक हुए 8 नामांकन

**सोहना।** हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों के लिए नामांकन भरने के सातवे दिन बुधवार को सोहना विधानसभा सीट से सात लोगों ने नामांकन किया इस नामांकन में भाजपा प्रत्याशी तेजपाल तंवर आम आदमी पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र खटाना बीएसपी प्रत्याशी सुंदर भड़ाना ,भारतीय किसान पार्टी से दान सिंह ,आजाद समाज पार्टी काशीराम बीनेश गुर्जर ,विजय कुमार बीजेपी, सुंदर निर्दलीयव मनीता गर्ग निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। नामांकन कैसे मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की मौजूदगी में किया गय बीजेपी के प्रत्याशी तेजपाल तंवर के नामांकन बीजेपी के जिला अध्यक्ष कमल यादव की मौजूदगी में किया गया सबसे बड़ी बात है निर्दलीय प्रत्याशी सुंदर भड़ाना ने एक दिन पहले। निर्दलीय तौर पर अपना नामांकन किया था। लेकिन रात को बीएसपी ने उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया व आज बुधवार को उन्होंने बीएसपी के उम्मीदवार के रूप में सोहना विधानसभासे उन्होंने अपना नामांकन किया। आरओ एवं एसडीएम होशियार सिंह ने नामांकन प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र वीरवार 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं। शुक्रवार 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा करते हुए छंटनी की जाएगी। सोमवार 16 सितंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम चार लोगों को लाने की अनुमति होगी। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में सुबह 11 से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस के प्रत्याशी के साथ कुछ अन्य निर्दलीय भी अपना नामांकन भरेंगे नामांकन के मौके पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने हमेशा लोगों के साथ धोखा दिया है।किसानों के लिए काला कानून बनाया किसने की शहादत ली हरियाणा का हर समय अपमान किया है और जिस तरह पहलवान बेटियों के साथ जो अत्याचार किया उसकी हरियाणा के। गांव गांव में चर्चा है।काम के नाम पर आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल की पांच गारंटी पर वोट मांगी जाएगी।बीजेपी को चौटाला की पार्टी को सबको देखा है। हम 90 के 90 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतरेंगे बीजेपी के प्रत्याशी तेजपाल तवर ने कहा कि पूरे प्रदेश में पार्टी की बल्ले बल्ले हैं नई पुराने सब कार्यकर्ता हमारे साथ हैं यहां किसी का कुछ लेना देना नहीं है सिर्फ बीजेपी है। कांग्रेस को मेरे खिलाफ कोई उम्मीदवार ही नहीं मिल रहा है। मोदी जी का सिपाही जहां खड़ा है वहां उन्हें घबराहट हो रही है मुद्दा विकास रहेगा सबका साथ सबका विश्वास रहेगा जनता हमारे साथ है हम भी उनके साथ जनता भगवान नहीं होती लेकिन भगवान से कम भी नहीं होती। बाइट संजय सिंह राज्यसभा सदस्य आम आदमी पार्टी बाइट तेजपाल तंवर बीजेपी प्रत्याशी बाइट एस डी एम

## अटेली विधानसभा से बुधवार को आरती राव व मनीता राव ने दाखिल किए नामांकन पत्र

### -अब तक दो मल्टीपल सहित 10 नामांकन पत्र हुए दाखिल

**कनीना सुनील दीक्षित**



हरियाणा में 5 अक्टूबर को वाले विधान सभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के छठें दिन बुधवार को अटेली हलके से 4 नामकन पत्र भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय वजीर राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव व उनके दो मल्टीपल कवरिंग आवेदन तथा कवरिंग केंडीडेट के रूप में उनकी पत्नी मनीता सिंह ने नामांकन दाखिल किया। तीन उम्मीद्वारों की ओर से सोमवार व तीन की ओर से मंगलवार को पर्चे दाखिल किए थे,अब तक कुल 8 प्रत्याशियों की ओर से 10 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। कनीना उपमंडल अधिकारी व अटेली विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार के समक्ष बुधवार को आती सिंह राव व मनीता सिंह ने पर्चा दाखिल किया। भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डिप्टी स्पीकर संतोष यादव आज बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल कर सकती हैं। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय कृषि मंतरी कैलाश चैधरी, विधायक सीताराम यादव, जिला प्रधान दयाराम,

विकास यादव, अशोक कुमार, बाबूलाल मुंडया खेडा, रतन सिंह, सतीश कुमार उपस्थित थे।

## आरती राव कें चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**कनीना सुनील दीक्षित**



केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दक्षिण हरियाणा से पार्टी को पूरा बहुमत मिलेगा। उन्होंने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षा मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा की टिकट में देरी होने एवं उनके नामांकन दाखिल करने के समय वे वहां जाएगें या नहीं को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल में कहा कि प्रो रामबिलास शर्मा पार्टी के स्तंभ है। पहले वे नारनौल से भाजपा प्रत्याशी औमप्रकाश यादव का नामांकन करवाएगें उसके बाद वे महेंद्रगढ में प्रो रामबिलास शर्मा के घर जाएगें। हो सकता है जब तक पार्टी उन्हें टिकट दे दे। उन्होंने कहा कि आरती राव के चुनाव जीतने के बाद अटेली हलके को विकास के पंख लगगें। आरती राव का नामांकन पत्र दाखिल करवाने के बाद उन्होंने महेंद्रगढ रोड पर पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया। आरती राव ने कहा कि वे पिछले 10 साल से टिकट की मांग करती रही हैं। लेकिन नहीं मिली। उन्होंने बिना कोई पार्टी बदले धैर्य रखते हुए इंतजार किया।

विक्रम सिंह,सुरेश अत्री,विधानंद लांबा, अशोक लांबा,मा दलीप सिंह,अजीत कलवाडी,नरेश हाजिर थे।

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव पर्यवेक्षक पहुंचे रेवाड़ी

**रेवाड़ीः** हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान रेवाड़ी जिला में चुनाव प्रक्रिया की मॉनिटरिंग व पारदर्शिता बनाये रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव पर्यवेक्षक की नियुक्ति की है। रेवाड़ी-74 व बावल-72 विधानसभा क्षेत्र के लिए उड़ीसा कैडर से 2011 बैच के आईएएस अधिकारी के.सुदर्शन चतुर्वेदी को तथा 73-कोसली विधानसभा क्षेत्र के लिए बिहार कैडर के 2015 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशांथ कुमार को लगाया गया है, वहीं कानून व्यवस्था के मद्देनजर आसाम कैडर से 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी राहुल कटाके को बावल, कोसली व रेवाड़ी के लिए पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक रेवाड़ी पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र के लिए उड़ीसा कैडर से 2011 बैच के आईएएस अधिकारी के.सुदर्शन चतुर्वेदी मोबाइल नम्बर 7082087779 तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र के लिए बिहार कैडर के 2015 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशांथ कुमार मोबाइल नंबर 8287188259 बतौर चुनाव पर्यवेक्षक चुनावी प्रक्रिया देखेंगें। उक्त दोनों चुनाव पर्यवेक्षक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 5 बजे से 6 बजे तक आमजन के लिए लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह रेवाड़ी में चुनाव से संबंधित शिकायतों व सुझावों के लिए उपलब्ध रहेगें। डीसी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान आसाम कैडर से 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी राहुल कटाके 7065240048 बावल-72, कोसली-73 व रेवाड़ी-74 के लिए पुलिस पर्यवेक्षक की जिम्मेवारी निभाएंगें साथ ही चुनाव प्रक्रिया में होने वाले खर्च से संबंधित सभी पहलुओं के लिए आईआरएस मदन मोहन मीणा 7658821294 पहले ही कार्यभार खर्च पर्यवेक्षक के रूप में देख रहे है।

## शिव मंदिर, एमसी कॉलोनी में बाबा राम देव जागरण 12 को

**हिसार :** शिव मंदिर ट्रस्ट, एम सी कॉलोनी की बैठक प्रधान राम अवतार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी तिथि के उपलक्ष में 12 सितम्बर को रात्रि 9 बजे बाबा रामदेव का जागरण करने का फैसला लिया गया। जागरण में कई भजन गायक बाबा रामदेव का गुणगान करेंगे। अगले दिन 13 सितम्बर को मंदिर प्रांगण में प्रातः 10 बजे बाबा रामदेव का कीर्तन होगा तथा कीर्तन की समाप्ति पर दोपहर 12 बजे भंडारा चलाया जायेगा। दशमी के उपलक्ष में मंदिर को रंगीन लाइटों से सजाया गया है। बैठक में मंदिर ट्रस्ट के सभी सेवादार उपस्थित रहे।

## राधे मित्र मंडल ने मनाया 14वां राधा रानी जन्मोत्सव





**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ।** राधा रानी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राधे मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राधा रानी के जन्मोत्सव (राधाष्ठमी) पर कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 501 कलश यात्रा का आयोजन किया गया, यात्रा के शुरू होने से पहले काफी तेज बरसात शुरू हो चुकी थी, लेकिन उसके बावजूद भी महिलाओं का मनोबल नहीं टूटा और बरसात में ही कलश यात्रा शुरू की गई जोकि बल्लभगढ अनाज मंडी से मुकेश कॉलोनी अंबेडकर चौक होती हुई चावला कॉलोनी शिव मंदिर पर पहुंची इसके बाद राधा रानी का पंचामृत से अभिषेक किया गया वह आरती की गई। इसके बाद यात्रा में शामिल एवं कार्यक्रम में आए लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर राधे मित्र मंडल के प्रधान मोहित गुप्ता के साथ सुषमा गुप्ता वाइस चेयरपर्सन रेड क्रॉस सोसाइटी, प्रमोद गुप्ता समाजसेवी, प्रियंका अग्रवाल पीसीसी डेलीगेट बल्लभगढ़ विधानसभा, अभिषेक गोयल, मनोज अग्रवाल, कौशल गोयल, उमेश गर्ग, योगेश गोयल, सचित कंवर, संजय गुप्ता, करण गोदारा, संदीप गहलन, पूजा चौधरी, प्रवीण राठी, भगवानदास गोयल सी.बी. रावल अनिता गौतम, पराग शर्मा, सुमित गौड, बाबूराम अग्रवाल, कालीचरण मित्तल, बृजकिशोर गुप्ता एवं मीडिया सहयोगी भी मौजूद रहे।



## छोटे पर्दे पर दोबारा छा जाने को तैयार चंदन प्रभाकर, निर्माताओं ने किया बिग बॉस 18 के लिए संपर्क!

अपनी कॉमेडी से घर-घर में पहचान बनाने वाले कॉमेडियन चंदन प्रभाकर जल्द ही बिग बॉस 18 में नजर आ सकते हैं। कपिल शर्मा के शो के जरिए उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी खास पहचान बनाई है। इस शो को उन्होंने कई वर्ष पहले छोड़ दिया था, लेकिन अब वह छोटे पर्दे पर एक बार फिर से धमाकेदार अंदाज में नजर आ सकते हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के अनुसार बिग बॉस के निर्माताओं ने उनसे सलमान खान के रियलिटी शो के आगामी सीजन के लिए संपर्क किया है। कथित तौर पर चंदन और निर्माताओं के बीच शो को लेकर बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जल्द ही चंदन इस प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में आने के बाद चंदन प्रभाकर की लोकप्रियता में काफी इजाफा देखने को मिला था। वह चंदू चायवाला की किरदार में शो में नजर आते थे। कपिल के साथ उनकी नोंक-झोंक दर्शकों को खूब पसंद आती थी। हालांकि, उन्होंने साल 2022 में इस शो को अलविदा कह दिया था। वह कपिल के नेटफ्लिक्स शो - द ग्रेट इंडियन कपिल शो की टीम का भी हिस्सा नहीं थे। चंदन ने कपिल शर्मा के शो को छोड़ने के अपने फैसले को लेकर एक बातचीत में कहा था कि इसके पीछे कोई खास वजह नहीं है। उन्होंने कहा था कि वह बस एक ब्रेक लेना चाहते थे। बिग बॉस 18 की बात करें तो निर्माताओं ने कथित तौर पर जान खान, मीरा देओस्थले, सुरभि ज्योति, कनिका मान, शाहीर शेख, समीरा रेड्डी, दीपिका आर्य, सोमी अली, अंजलि आनंद, अर्जुन बिजलानी, मानसी श्रीवास्तव और धीरज धूपर सहित कई लोकप्रिय नामों से संपर्क किया है। बताया जा रहा है कि इस शो के लिए स्त्री 2 फेम सुनील कुमार से भी बात की गई है। निर्माता इस बार शो और और अधिक रोमांचक बनाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। शो में अब्दु रोजिक भी सलमान खान के साथ एक विशेष सेगमेंट में सह-होस्ट के रूप में नजर आ सकते हैं। बिग बॉस 18 का प्रीमियर 5 अक्टूबर को होने की संभावना है।



# अ वेडिंग स्टोरी से बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं मुक्ति मोहन

डांसर, होस्ट और एक्ट्रेस के रूप में मुक्ति मोहन ने विविधरंगी काम किया है। वे जिस लय में नाचती हैं, उसी सुर में अभिनय भी करती हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म अ वेडिंग स्टोरी से। इस फिल्म के जरिए वे हीरोइन के रूप में बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। उनसे एक बातचीत। अपनी फिल्म के बारे में मुक्ति कहती हैं, आज कल लोगों को दंत कथाएं पसंद आ रही हैं, जिसे हम फोकलोर कहते हैं। इस तरह की कहानियों से लोग कनेक्ट कर पाते हैं। हमारी कहानी में दंतकथा के साथ-साथ हॉरर और ड्रामा भी है। यह पंचक काल पर आधारित। मेरा रोल भी काफी दमदार और परतों वाला है। मुझे हॉरर स्पेस में इस भूमिका को करने में काफी मजा आया।

### मेरी कई फिल्में बन कर रिलीज नहीं हुई

अगस्त का महीना मुक्ति के लिए काफी यादगार रहा है। इस महीने उनके तीन प्रोजेक्ट आए। वे कहती हैं, ये सच है कि हीरोइन के रूप में अ वेडिंग स्टोरी मेरी पहली फुल फ्लेज्ड फिल्म है। अगर कुछ साल पहले ये मेरे साथ हुआ होता, तो मेरा अहसास अलग होता, मगर बीते सालों में अभिनय और कला को लेकर मेरी एक अलग तरह की समझ विकसित हुई है। ये मेरी डेब्यू फिल्म है, मगर इसे इसी वक्त पर होना था। मैं समझती हूं कि कलाकार बनता ही तप से है। मेरे साथ बहुत बार हुआ कि मैं कई फिल्मों में हीरोइन बनी। फिल्म बन बन कर पड़ी हुई हैं, पर रिलीज ही नहीं हुई। मगर मैं कभी निराश नहीं हुई न मैंने हार मानी। मुझे लगता है कि ये अभी होना था।

### इस महीने में मेरी तीन फिल्में रिलीज हुई हैं

मुक्ति आगे कहती हैं, मैं बीते अगस्त को अपनी जिंदगी का बहुत ही खूबसूरत दौर मान रही हूं। इस महीने में मेरी तीन रिलीज हुई हैं। पहले ग्यारह ग्यारह फिर लाइफ हिल गई और महीने के खत्म होते-होते मेरी फिल्म अ वेडिंग स्टोरी। मैं बहुत खुश हूं। ग्यारह ग्यारह में मेरी छोटी-सी भूमिका को भी काफी तारीफ मिली। हमारे डायरेक्टर उमेश बिष्ट जी ने कहा कि उन्होंने कभी किसी की मौत को इतना ग्लोरीफाई नहीं किया। उस सीरीज में मैं एक डांस सीक्वेंस के बाद साइको किलर के हाथों कत्ल हो जाती हूं।

### निराशा के दिनों में पिता ने रास्ता दिखाया

मुक्ति एक विविधरंगी अदाकारा हैं। वे एक अभिनेत्री होने के साथ-साथ पारंगत डांसर भी हैं। वे सबसे ज्यादा क्या इंजॉय करती हैं। इस सवाल पर वे कहती हैं, मैं सब कुछ इंजॉय करती हूं। मुझे नाचने में भी उतना ही मजा आता है और अभिनय में भी। मैं अपने काम को पूरे रिदम और दिल से निभाती हूं। अपने एक अनुभव को साझा करते हुए वे कहती हैं।

**डांसर, होस्ट और एक्ट्रेस मुक्ति मोहन इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म अ वेडिंग स्टोरी से। इस फिल्म के जरिए वे हीरोइन के रूप में बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। उनसे एक बातचीत।**



## दिल्ली क्राइम के सीजन 3 में नजर आ सकती हैं हुमा, मेकर्स से बातचीत है जारी

नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज दिल्ली क्राइम को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। सीरीज के अभी तक 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं। शेफाली शाह ने दोनों ही सीजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब खबर सामने आ रही है कि तुमा कुरैशी सीजन 3 के लिए शेफाली की टीम से जुड़ने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... इस सीरीज के मेकर्स ने हुमा को अप्रोच किया है। मेकर्स और उनके बीच बातचीत जारी है। कहा जा रहा है कि तुमा को इसकी कहानी भी पसंद आ गई है। मेकर्स जल्द ही उनकी एंट्री का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकते हैं। बता दें कि एक बार फिर से शेफाली सीजन 3 में भी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रोल दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद किया है। शेफाली के साथ ही रसिका दुग्गल, राजेश तैलंग और आदिल हुसैन भी सीरीज के तीसरे सीजन में नजर आने वाले हैं। पिछले सीजन के निर्देशक तनुज चोपड़ा ही तीरी सीजन को भी डायरेक्ट करने वाले हैं। वहीं सुधांशु सरिया ही सीजन के तीसरे पार्ट को लिखने वाले हैं। दिल्ली क्राइम सीजन 3 में एक बार फिर शहर में होने वाली अपराधों की सीरीज पर एक नजर डाली जाएगी। जहां शेफालों की टीम उन्हें रोकने के मकसद में काम करेगी। इस सीरीज के अलावा हुमा जल्द ही फिल्म बयान में भी दिखाई देंगी।

## 'जिगरा' के साथ इन फिल्मों में नजर आएंगी आलिया



आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म 'जिगरा' के ट्रेलर को लेकर सुर्खियों में बनी है। उनकी आगामी फिल्मों की लिस्ट काफी लंबी है। अभिनेत्री यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया संजय लीला भंसाली की फिल्म अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएगी। 'ब्रम्हास्त्र' के बाद आलिया 'ब्रम्हास्त्र 2' में भी नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। 'जिगरा' इसी साल 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है।

## एनिमल में अबरार का रोल करने से पहले घबरा रहे थे बॉबी



अभिनेता बॉबी देओल एनिमल फिल्म में नेगेटिव रोल करके छा गए थे। उनके किरदार अबरार हक को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और उनके एंट्री सॉन्ग पर तो जमकर वीडियो बनाई थी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉबी देओल ने इस रोल को निभाने के लिए डेढ साल तक इंतजार किया था। खुद बॉबी ने एक साक्षात्कार में इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। एनिमल का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने बॉबी देओल को जब बताया था कि उनका किरदार मूक होगा तो शुरू में बॉबी घबरा गए थे, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी आवाज उनकी ताकत है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने कम्फर्ट जोन से निकलकर कुछ करने का मन बनाते हुए फिल्म को हां कह दिया था। बॉबी ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए साक्षात्कार में बताया कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग के लिए डेढ साल इंतजार किया था। ये एक लंबी फिल्म है, जिसे शूट करने में काफी समय लग रहा था। ऐसे में बॉबी के मन में सवाल उठ रहे थे कि क्या संदीप अपना मन बदल लेंगे और एक दिन अचानक कहे देंगे कि अब उन्हें उनकी जरूरत नहीं है? बॉबी ने रणबीर कपूर के साथ 12 दिन शूटिंग की थी। उन्होंने रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए कहा कि बडे स्टार होने के बावजूद वो काफी डाउन-टू-अर्थ हैं। बॉबी ने ये भी बताया कि उन्होंने अबरार के रोल के लिए कैसे तैयारी की थी। उन्होंने इसके लिए साइन लैंग्वेज सीखी थी। बॉबी देओल आने वाले दिनों में भी कुछ फिल्मों में नेगेटिव रोल करते दिखाई देंगे। वो जल्द ही सूर्या स्टारर कंगुवा में नजर आएंगे।



## मिर्जापुर 3 में मिली प्रशंसा के बाद अब आगे बढ़ने को तैयार हैं पल्लव सिंह

'मिर्जापुर 3' में शायर रहीम के किरदार से लोगों के दिलों पर राज करने वाले अभिनेता पल्लव सिंह अब अपने करियर में आगे बढ़ने और नए प्रोजेक्ट्स पर काम करने के लिए तैयार हैं। 'मिर्जापुर 3' में मिली प्रशंसा को लेकर अभिनेता को लगता है कि अब समय आ गया है कि वह खुद को अगले किरदार की ओर लेकर चलें, ताकि वह अपने अगले किरदार को भी शायर रहीम की तरह खास बना सकें। पल्लव ने कहा कि वे स्कूल के दिनों से ही अभिनय से जुड़े हुए हैं। कॉलेज में वे और उनका ग्रुप दिन में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते थे और शाम से देर रात तक का समय अपनी कला को देते थे। उन्होंने कहा, हम अपने कॉलेज की इमारत की छतों पर लेटकर तारों से जगमगाते आसमान के नीचे नाटक पढ़ते थे और हफ्तों तक रिहर्सल करते थे और शो को ऐसे पेश करते थे जैसे कि यह जीवन और मौत का सवाल हो। सब कुछ दांव पर लगा देने का यह रोमांच इतना बढ़िया था कि पढ़ाई-लिखाई उस रोमांच को पार नहीं कर सकती थी।

अभिनेता ने बताया कि कैसे एक बार उन्हें अपने एक प्रदर्शन के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिला था और वह उस रात सो नहीं पाए थे, क्योंकि प्रशंसा ने उनके अंदर कुछ जगा दिया था। उन्होंने आगे बताया, नींद की कमी के बावजूद मैं अगले दिन बेहद खुश था कि मैं भी इस भीड़ में मायने रखता हूं। मैं इंजीनियरिंग के बाद भी अमेजन इंडिया में नौकरी करते हुए ओवरटाइम काम करता था। अपनी छुट्टियां जमा करके थिएटर में जाकर परफॉर्म देता था। मुझे एहसास हुआ कि अभिनय मेरा प्यार है और कोई भी प्यार पार्ट-टाइम नहीं चल सकता, इसलिए मैंने पूरी तरह से अभिनय और सिनेमा में कदम रख दिया।

मिर्जापुर 3 के बाद से अभिनेता को सांस लेने की भी फुरसत नहीं है, उनका फोन लगातार बज रहा है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ हफ्ते लोगों से मिर्जापुर 3 के अनुभवों और अपने निजी अनुभवों के बारे में बात करने के मामले में बेहतरीन रहे हैं। प्रशंसकों द्वारा बनाए गए कई स्केच, प्रशंसा के शब्द और असंख्य कॉल मिल रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि शो के तीसरे सीजन के बाद उनकी दिनचर्या में कितना बदलाव आया है, तो उन्होंने कहा, मेरी दिनचर्या वैसी ही है। मुझे यहां तक लाने के लिए मेरी रोजाना की मेहनत और ढेर सारी किस्मत है। अब वे अगली परियोजना के लिए तैयार हैं और अपने आप को नए किरदार और कहानी के लिए तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। अभिनेता ने एक्टिंग कोच अतुल मोंगिया के साथ अपने काम के बारे में भी बात की, जिन्हें इस व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पल्लव ने आईएएनएस को बताया कि अतुल किसी के व्यक्तित्व की कई गांठें खोल देते हैं, जो अभिनेता को पूरी तरह से अभिनय की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा, उनका काम अभिनेता के 'स्व' के इर्द-गिर्द केंद्रित है और अपने अनुभव के आधार पर वह सबसे संक्षिप्त और प्रभावी तरीके से संदेहों का जवाब दे सकते हैं। वे सिनेमाई माध्यम के मेरे पहले निर्देशक थे और मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

## माउंट मैरी मेले में शामिल हुई तृप्ति डिमरी



अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का नाम बॉलीवुड की उभरती हुई शानदार अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग भी है, हाल ही में वह 'बैड न्यूज' में नजर आई। अभिनेत्री को मुंबई में माउंट मैरी मेले में देखा गया। यहां वह इस मेले का हिस्सा बनीं इसका हिस्सा बनकर वह बेहद खुश नजर आई। उन्होंने मेले में गुब्बारे उड़ाए और ऐतिहासिक माउंट मैरी चर्च में मनाए जाने वाला यह जीवंत उत्सव को मनाया।